**खबर संक्षेप**

### नववर्ष पर मैहर मंदिर में कानून व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की ड्यूटी

**सतना।** धर्मनगरी मैहर में नववर्ष 1 जनवरी 2024 के अवसर पर मां शारदा देवी मंदिर मैहर में मां शारदा के दर्शन के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। जिसके दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर श्रीमती रानी बाटड ने मंदिर क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाये रखने दो पालियों में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।जारी आदेशानुसार मंदिर प्रांगण(ऊपरी) में नायबतहसीलदार सुनील द्विवेदी ,उमाकांत शर्मा,रोपवे कंट्रोल रुम में नायब तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी,रोशन कोल,मेला कंट्रोल रुम और ड्योढ़ी में नायब तहसीलदार ललित कुमार धार्वे,सहायक यंत्री सीएल साकेत की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार सेकण्ड राउंड (सीढ़ी) में परियोजना अधिकारी व्हीसी तिवारी,अखिलेश दीपांकर तथा व्हीआईपी तल सीढ़ी चैनल गेट में एसडीओ जल संसाधन प्रभाकर सिंह,उद्यानिकी अधिकारी अशोक द्विवेदी को तैनात किया गया है। सभी नियुक्त अधिकारी नियत दिनांक को निर्धारित कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहकर सौंपे गये दायित्व का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी मैहर जितेंद्र पटेल को सूचित करेंगे।

**जौनपुर से प्रोटक्शन वारंट में सतना लाए गए हैं आरोपी**

# शराब कंपनी के मुनीम की सरे बाजार गोली मारकर हत्या करने के दो आरोपी पुलिस रिमांड पर

**सतना।** थाना क्षेत्र के सर्किट हाउस चौराहे पर सरे बाजार दिनदहाड़े शराब कंपनी के मुनीम की गोली मारकर हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 2 दिन की रिमांड पर लिया है। आपको बता दे की आरोपी ने हत्या करने के बाद लाखों रुपए लूटकर फरार हो गए थे। आपको बता दे कि आरोपियों को पुलिस कड़ी सुरक्षा के बीच प्रोटक्शन वारंट के तहत जौनपुर से सतना लाई है। आरोपियों को शुक्रवार को यहां न्यायालय में पेश किया गया था जहां से दो दिन की पुलिस रिमांड पर आरोपियों को भेज दिया है। आपको बता दें कि इसी साल मार्च के महीने में आरोपियों ने यह दिल दहलाने वाली वारदात को अंजाम दिया था। हत्याकांड और लूट के मास्टरमाइंड जिलेदार उर्फ जेडी उर्फ छोटू पुत्र स्वर्गीय मुरली यादव 35 वर्ष,निवासी प्यारेपुर और गैंगस्टर सुभाष यादव पुत्र घुरहू (35) निवासी बम्बावन जिला जौनपुर (यूपी) को सनसनीखेज वारदात के 10 महीने बाद प्रोटक्शन वारंट पर यूपी पुलिस की कड़ी सुरक्षा में सतना लाया गया है।



### पुलिस ने क्यों लिया रिमांड पर

वारदात की पूरी प्लानिंग से लेकर असलहों की जब्ती और लूट की रकम के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। गौरतलब है कि घटना के 10 दिन बाद दोनों बदमाशों को कोलकाता के एक रेस्ट हाउस से गिरफ्तार कर जौनपुर लाया गया था,तभी से दोनों यूपी की जेल में बंद थे।

### वारदात को ऐसे दिया था अंजाम

शराब कंपनी के मुनीम संजय सिंह (57) 6 मार्च की दोपहर को डेढ़ बजे ड्राइवर दिनेश बारी के साथ वैन में 15 लाख कैश लेकर सेंट्रल बैंक की डायवर्सन रोड ब्रांच में जमा करने पहुंचे, जहां पहले से घात लगाए सशस्त्र बदमाशों ने गाड़ी से नीचे उतरते ही गोली मारकर संजय को मौत के घाट उतार दिया और रुपयों का बैग लेकर भाग निकले। दो बाइकों में सवार लुटेरों ने कई राउंड हवाई फायर भी किए थे। इस सनसनीखेज वारदात से पूरा जिला दहल उठा था। एडीजीपी केपी वेंकटेश्वर राव ने 30 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने इसे चुनौती की तरह लेते हुए 9 दिन के अंदर ही लोकल सपोर्ट में रहे आरोपी मनीष सिंह बरगाही उर्फ उमेश,गौरव सिंह बरगाही और दीपनारायण उर्फ दीपक पांडेय को पकड़ लिया गया था। वहीं 16 मार्च की रात को सतना पुलिस की टीम ने जौनपुर पुलिस के साथ मिलकर वाराणसी हाइवे पर एनकाउंटर में गैंगस्टर आनंद सागर यादव को मार गिराया था।

### बांग्लादेश भागने वाला था मास्टरमाइंड जेडी

सतना से भागकर यूपी के रास्ते कोलकाता पहुंचने के बाद बांग्लादेश में पनाह लेने की तैयारी कर रहे मास्टर माइंड जेडी उर्फ जिलेदार और गैंगलीडर सुभाष को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया था। यूपी में एनकाउंटर के अगले ही दिन सतना के हिस्ट्रीशीटर राहुल जायसवाल ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया,तो नीलेश उर्फ नीलू यादव निवासी जौनपुर (यूपी),को महाराष्ट्र के पालघर से गिरफ्त में लिया गया,जबकि अभिषेक निषाद पुत्र विनोद निषाद 23 वर्ष,निवासी बंबावन-देवरिया,जिला जौनपुर(यूपी) को कोर्ट में सरेंडर की कोशिश के दौरान 27 अप्रैल को पकड़ लिया गया था। जेडी को अपने नाम से सिमकार्ड दिलाने वाले दीपू उर्फ अंकित कुशवाहा निवासी सेमरिया,जिला रीवा हाल बदखर,को साइबर टीम के इनपुट पर सलाखों के पीछे पहुंचाया गया।

### अभी भी फरार हैं दो बदमाश

अब तक जौनपुर के गैंगस्टर शिवम उर्फ पोनू सरोज पिता सत्यदेव सरोज (23) निवासी पचवार जिला जौनपुर (यूपी) का कोई सुराग नहीं लगा है,उसकी तलाश के लिए कई बार टीम उप्र के अलग-अलग शहरों में जा चुकी है,पर हर दफा खाली हाथ लौटना पड़ा। उधर जेडी के साथ मिलकर पूरी प्लानिंग में शामिल रहा दीपक पटेल उर्फ दिप्पू पुत्र राजेन्द्र पटेल 28 वर्ष, निवासी कुर्मिहा टोला रामपुर बाघेलान,वारदात के कुछ दिन बाद ही एक विवाद में बुरी तरह जख्मी होने के बाद लंबे समय तक जबलपुर के निजी अस्पताल में इलाजरत रहा,लेकिन अब भी उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं हुआ है। ऐसे में पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी नहीं की है।

# परीक्षा परिणाम में त्रुटियों को लेकर छात्राओं ने किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा



**सतना।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सतना इकाई द्वारा शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं एवं समस्याओं के निराकरण के लिए शुक्रवार को प्राचार्या को चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। अध्यक्ष हर्षिता त्रिपाठी के नेतृत्व में अभाविप से संबद्ध छात्राओं ने ज्ञापन में परीक्षा परिणाम के त्रुटियों में अविलंब सुधार किए जाने की मांग प्राथमिकता के साथ की है। ज्ञापन में कहा गया है कि हाल ही में घोषित किए गए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में कई त्रुटियां सामने आईं हैं। जिनका सुधार किया जाना अतिआवश्यक है।इसके अलावा पेयजल व्यवस्था को सुधारने हेतु आग्रह किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि टंकियों की नियमित साफ-सफाई कराकर आरओ के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराई जाए, महाविद्यालय में सेनेट्री वेंडिंग मशीन जल्द लगवाई जाए। लाइब्रेरी की व्यवस्था को सुधारा जाए,आवश्यक पुस्तकों,संदर्भ ग्रंथों को सुव्यवस्थित तरीके से उपलब्ध कराने के साथ संचालन किया जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अध्यक्ष हर्षिता त्रिपाठी ने कहा है कि छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करें। साथ ही परिषद द्वारा यह भी कहा गया है कि जायज मांगों की अनदेखी किए जाने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार सतना पहुंची प्रतिमा बागरी का हुआ जोरदार स्वागत





**सतना।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र की नव निर्वाचित विधायक श्रीमती प्रतिमा बागरी मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री मण्डल में राज्य मंत्री की शपथ लेने के पश्चात प्रथम आगमन पर मैहर के मां शारदा देवी मंदिर पहुंची। राज्य मंत्री श्रीमती बागरी ने मां शारदा देवी की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के जीवन में खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी,जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा,विजय तिवारी एवं सतना मैहर एवं रैगांव विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। इसके पहले सड़क मार्ग से मैहर जिले की सीमा में पहुंचते ही जगह-जगह राज्य मंत्री श्रीमती बागरी का भव्य स्वागत किया गया।

# रेलवे गेट के सामने टूटे चेंबर से हो सकती बड़ी दुर्घटना

**मैहर।** मैहर जिला बनने के बाद अधिकारियों को कुछ दिखाई सुनाई नहीं दे रहा है चाहे वह ठण्ड से मर जाए या फिर रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते वक्त सड़क में लगा रेलवे स्टेशन के बाहर मेन गेट के सामने टूटे हुए चेंबर पर गिरने से हाथ पांव टूट जाए। इस मेन गेट से रेलवे के सभी अधिकारी,कर्मचारी एवं माता रानी के दर्शन करने वाले श्रद्धालु आते जाते हैं यही नहीं ऑटो एवं दो पहिया वाहन भी निकलते हैं जो इसका शिकार बन सकते है।नगरपालिका के द्वारा जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने के कारण भीड़भाड़ वाले रास्ते में टूटे हुए चेंबर से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शहर में ऐसे तमाम जगह टूटे हुए चेंबर हैं जहां आए दिन कोई न कोई दुर्घटना का शिकार होता रहता है। इन टूटे फूटे चेंबरों की बदौलत ही स्मार्ट सिटी का निर्माण हो रहा है।



**सुबह स्कूल परिसर में पड़ी मिलती हैं शराब की बोतलें, बीड़ी-सिगरेट और डिस्पोजल**

# सुरा प्रेमियों ने शिक्षा के मंदिर को ही बनाया शराबखोरी का अड्डा





**सतना।** जिले के उचेहरा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत नरहटी गांव का शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय शाम होते ही शराबखोरी के अड्डे में तब्दील हो जाता है। शराबी रात में वे वहीं शराब पीते हैं और खाली बोतल पाउच फेंक देते हैं। सुबह जब बच्चे स्कूल पहुंचते हैं,तो यहां परिसर में फैली शराब की बोतलें,डिस्पोजल गिलास और बीड़ी,सिगरेट के ठूंठ पड़े मिलते हैं। इससे बच्चों के दिमाग पर गहरा असर पड़ रहा है।

### स्कूल परिसर के आस-पास बिक रही अवैध शराब

बताया गया कि स्कूल के आस-पास धड़ल्ले से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। सुबह जब बच्चे और शिक्षक स्कूल पहुंचते हैं,तो यहां स्कूल के मैदान,यहां तक कि कक्षा के अंदर के दरवाजे में शराब की बोतल और डिस्पोजल पड़े मिलते हैं जिसे पहले वहां से हटाते हैं। इस तरह के हालातों को देखकर स्कूली बच्चों के दिलो दिमाग पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। इतना ही नहीं बल्कि शिक्षा का माहौल भी खराब हो रहा है। बच्चों के माता-पिता और ग्रामपंचायत के जिम्मेदारों का कहना है कि स्कूल के आस-पास धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री होती है। इसी वजह से सुरा प्रेमियों ने स्कूल परिसर को शराबखोरी का अड्डा बना लिया है।

### इनका कहना है-

1-आए दिन स्कूल परिसर में शराब की बोतलें डिस्पोजल मिलता है।कई बार यहां फूटी हुई बोतलों के कांच के टुकड़ों को साफ कराया गया है।इस संबंध में पूर्व में मौखिक रूप से बीईओ को अवगत कराया गया था अब लिखित रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी और ग्राम पंचायत में जानकारी दी गई है।

**-प्राचार्य वीणा सिंह परिहार**

2-इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

**-रामनरेश पटेल,विकासखंड शिक्षा अधिकारी उचेहरा**

# किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

**सतना।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) सतना मैहर जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह (पूर्व सैनिक) ने जानकारी देते हुए बताया है कि नए वर्ष में नई सरकार की शुरुआत के साथ 5 जनवरी दिन शुक्रवार को किसानों कि विभिन्न समस्याओं को लेकर 20 बिन्दुओं का ज्ञापन पत्र कलेक्टर सतना अनुराग वर्मा को सौंपा जाना सुनिश्चित किया गया है। इसके साथ ही यह ज्ञापन सांसद सतना और क्षेत्रीय सभी विधायकों को भी सरकार तक पहुंचाने और बिन्दुओं को सदन में प्रश्न रखने के लिए सौंपा जाएगा इसके लिए दिनांक और समय की आगे रणनीति बनाई जाएगी श्री सिंह ने जिले के किसानों से पहुंचने की अपील की है। श्री सिंह ने कहा है कि किसानों और गरीबों की बुनियादी वर्षों से चली आ रही मुख्य समस्याएं बिजली,पानी, खाद बीज,नहर,बिल सीमेंट कम्पनियों और रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों की समस्याएं है। इसके अलावा अभी तत्कालीन घोषणा पत्र के आधार पर 3100 रुपए धान और 2700 रुपए गेहूं का समर्थन मूल्य में खरीदी और समय पर भुगतान बिजली कम्पनी की घोर लापरवाही से किसानों की बरवाद होने वाली फसलों की भरपाई फसल बीमा में अनियमितताएं,आवारा और जंगली जानवरों से परेशानी,धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के साथ तौल व तौलाई के नाम पर भारी भ्रष्टाचार लूट ऐसे कुछ खरीदी केन्द्रों को चिन्हित किया गया है। राशन कि दुकानों में गरीबों के राशन की लूट,खसरा सुधार युवाओं और महिलाओं तथा महिला समूहों को रोजगार,केवल पटवारियों के शिकायत टोल फ्री नंबर ही नहीं बल्कि हर विभागों और कर्मचारियों की भ्रष्टाचारी और लापरवाही करने के शिकायत नम्बर होने चाहिए आदि-आदि बिंदुवार समस्याओं को सम्मिलित किया जाना है।

# आयुष विभाग ने 2 दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजित

**सतना।** सतना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर परिक्षेत्र की स्थानीय आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का कार्यक्रम के सम्यक क्रियान्वयन हेतु 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें आशाओं को दिनचर्या,ऋतुचार्य, मौसमी बीमारियों से परहेज,औषधि पौधों की खेती के माध्यम से घरेलू उपचार एवं आम बीमारियों का प्रबंध मरीजों की पहचान,सीबीएसी फॉर्म भरने में सहयोग,गैर संचारी रोग एनसीडी स्क्रीनिंग,योग अभ्यास एवं योग के लिए लोगों को प्रेरित करना,देवअरण्य योजना के तहत औषधि पौधों की खेती करने वाले कृषकों की पहचान,एचडब्ल्यूसी में होने वाले निः शुल्क जांच गर्भावस्था,हीमोग्लोबिन,मूत्र परीक्षा,रक्त शर्करा परीक्षण हेतु मरीजों को भेजना एवं जानकारी प्रदान करना आदि विषयों पर आयुष विभाग सतना के 22 एचडब्ल्यू सी केंद्र में आशा कार्यकर्ता को बुलाकर चिकित्सा अधिकारियों द्वारा ट्रेनिंग दी गई एचडब्ल्यूसी प्रतापपुर में डॉ.रमेश,रामगढ़ में डॉ.सौरभ,मिरगौती में डॉ.विपिन सिंह,पहाड़ी में डॉ.महेंद्र,खरमसेंडा में डॉ.रेशू,अमदरी में डॉ.विनोद,करसरा में डॉ.मनोज,धनवाही में डॉ.चित्रलेखा,चोरमांरी में डॉ.बद्री,मैहर में डॉ.धीरज,रहिकवारा में डॉ.प्रभा,रीछूल डॉ.महेंद्र ताम्रकार,मड़ई नागौद में डॉ.अरविंद,त्यौधरी में डॉ.आयुष,खरवाही में डॉ.रमेश, बकिया में डॉ.पुष्पराज,बड़ा इटमा में डॉ.बालकृष्ण,खजुरीताल में डॉ.कमल,कटहा में डॉ.दिव्या,नादन में डॉ. रत्नेश,रामगढ़ में डॉ.कीर्ति,हाटी में डॉ.शुर्ति के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।



**इनका कहना है** - संचालनालय आयुष मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया है।

**-डॉ.नरेंद्र पटेल,जिला आयुष अधिकारी सतना**

## खबर संक्षेप

### दुर्गेश गोस्वामी को पितृ शोक



**पन्ना।** बड़े दुःख के साथ सुचित किया जाता हे कि दुर्गेश गोस्वामी जी के पूज्य पिता श्री श्यामलाल गोस्वामी जी का देवलोक गमन आज हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम इटवां में सुबह 11:30 बजे किया गया। तथा भगवान से प्रार्थना की गई कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे।

महाविद्यालय में मनाया जा रहा गणित दिवस समारोह

### पहले दिन विशेषज्ञ व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में रामानुजन के जन्मदिन के उपलक्ष में दो दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह के पहले दिन 29 दिसंबर को विशेषज्ञ व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम महाविद्यालय से प्रकाशित होने वाली पत्रिका सुरत्ना का विमोचन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच एस शर्मा एवं जनभागीदारी अध्यक्ष श्री राजेश गौतम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत गणित विभाग की तरफ से विभागाध्यक्ष डॉ पी पी मिश्रा ने किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. एच.एस. शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामानुजन को याद किया तथा उनके द्वारा गणित में दिये गये योगदान को सराहा। व्याख्यान कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय पवई से आए प्राचार्य डॉ पीके मिश्रा ने रामानुजन के जीवन से संबंधित तथ्यों को छात्रों से अवगत कराया एवं फर्जी गणित के विषय में छात्रों को बताया। सतना महाविद्यालय से आए गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर एस पटेल ने रामानुजन द्वारा गणित में किए गए कार्यों को छात्रों से अवगत कराया तत्पश्चात उन्होंने छात्रों को अध्यात्म से गणित विषय को जोड़ते हुए वैदिक गणित के बारे में अवगत कराया। विशेषज्ञ व्याख्यान के बाद क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋषभदेव साकेत द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भोपाल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पुष्कर सिंह थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस पी एस परमार, डॉ. उषा मिश्रा, डॉ. उमा त्रिपाठी, डॉ. जे के वर्मा, डॉ. एस के पटेल, डॉ. मनोरमा गुप्ता, डॉ. विनय श्रीवास्तव, डॉ आर एम दत्त एवं अन्य सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान तथा विज्ञान संकाय के छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।

कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ व उनकी टीम के माध्यम से यात्री बसों की चेकिंग की गई

# गुना की घटना से समूचे मप्र में परिवहन विभाग जागा, सीएम की सख्त कार्यवाही का परिणाम

जिले में यात्री बसों के लिये परमिट जारी करने का पैमाना कितने वर्ष पुरानी गाड़ी तक उचित है क्या यह भी परखा जायेगा, पन्ना जिला मुख्यालय सहित क्षेत्रीय कस्बों तक में बसों की सघन चैकिंग को लेकर आर.टी.ओ. शायद कभी नजर आये हों कलेक्टर के निर्देश के बाद पहली बार डायमण्ड चौक में लंबे अर्से के बाद आर.टी.ओ. के द्वारा यात्री बसों की चैकिंग की गई आखिर सड़कों में खटारा बसें किसकी मेहरबानी से दौड़ती है कौन देता है फिटनिस कई अहम सवाल जो जनता की जान पर मांग रहे जवाब




**पन्ना।** यात्री बसों का संचालन करने के लिये कितने वर्ष पुरानी गाड़ी सड़क में फिटनिस देकर दौड़वाई जा रही है यह जवाब तो क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी पन्ना से ही संभव है। अक्सर हालात देखने में नजा आते है कि खटारा बसें आम आदमी की जान से खिलवाड़ को लेकर देखने को मिलती है। आखिर गुना की घटना से जहां म.प्र. सरकार के मुखिया सीएम डॉ0 मोहन यादव के निर्देश पर कार्यवाही का परिणाम पन्ना में भी सामने आया। कलेक्टर के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी व उनकी टीम के द्वारा शायद पहली बार इस तरह से जिला मुख्यालय में डायमण्ड चौक में यात्री बसों की चैकिंग को अंजाम दिया गया। वहीं एक बस बगैर फिटनिस के पाये जाने पर जहां आर.टी.ओ. कार्यालय में जप्त करके रखवाई जाने का मामला भी मीडिया में सुर्खियों में आया पर सबसे बड़ा सवाल जो आज भी जवाब को लेकर प्रश्न बना हुआ है जिसका जवाब आर.टी.ओ. पन्ना ही दे सकते है। आखिर पन्ना जिले में कितने साल पुरानी यात्री बसों को परमिट देना उचित है आखिर क्या कहता नियम क्या 15 वर्ष पुरानी यात्री बसों को परमिट देने को लेकर उचित माना जा रहा है या कि नहीं जिस तरह से आम आदमी की जान के साथ खिलवाड़ यात्री बसों द्वारा आये दिन किया जाता है आखिर यात्री बसों में जो सीटें लगाई जा रही है शायद पैर भी रखकर बैठपाना कठिन वहीं किसी में पीछे कांच नहीं तो किसी में आगे नहीं फट्टा बांधकर के भी धड़ल्ले से सड़कों में कई बार बसें नजर आ जाती है क्योंकि इनकी चैकिंग होती ही नहीं थी पहली बार म.प्र. सरकार के मुखिया डॉ0 मोहन यादव की सख्त कार्यप्रणाली का परिणाम कलेक्टर पन्ना के निर्देश पर कम से कम आर.टी.ओ. पन्ना व उनकी टीम के द्वारा यात्री बसों की चैकिंग तो की गई अब यह अलग बात है कि नियमों के मापदण्ड कितनी तत्परता से प्रभावशील होगा, यह तो जिम्मेदार विभाग क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी पन्ना से ही जाना जा सकता है आखिर जिले में कितनी बसें कितने परमिट कितने वर्ष पुरानी गाड़ियां सड़कों में दौड़ाई जा रही है आखिर विभाग मेहरबान तो आम आदमी की जान सस्ती तो साबित होगी ही हादसे कभी भी कहीं भी जन्म ले सकते है। आखिर यात्रीयों की जान की सुरक्षा को लेकर स्पीड तथा फिटनिस तथा उचित बसों को सड़कों में चलाने के लिये परमिट दिये जायें तो शायद शासन की मंशा म.प्र. सरकार के मुखिया की सोच के चलते जाना जायेगा। फिटनिस को लेकर भी यात्री बसों पर सवाल है कि आखिर फिटनिस को लेकर बसों के हालात ही बयां करते है फिर इन्हें कैसे सड़कों में धड़ल्ले से दौड़ाने के लिये उचित माना जाता है। सबसे बड़ा सवाल स्थाई परमिट की कार्यप्रणाली जो 5 वर्ष के लिये दिया जाता है नया परमिट आगे भी बढ़ाने को लेकर अवधि दी जाती है इन बसों पर कौन गौर करेगा जो सड़कों पर बखूबी देखने से ही नजर आती है आखिर क्षेत्रीय परिवहन विभाग नियमों के तहत अगर कार्यवाही को अंजाम देंगे तो शायद स्वमेव ही यात्री बसों के हालात सड़कों में ही बदलाव को लेकर नजर आने लगेंगी।

**इनका कहना है -**

इस संबंध में आर.टी.ओ. पन्ना से बात की गई तो आपका कहना है कि टम्प्रेरी (अस्थाई) परमिट जो हमारे द्वारा दिया जाता है वह 15 वर्ष से पुरानी यात्री बसों को नहीं दिया जायेगा और न ही दिया जाता है। साथ ही स्थाई परमिट सागर परिष्ठ कार्यालय से जारी होते है जिन पर हम जिम्मेदारी का निर्वाहन नहीं कर सकते वरिष्ठ कार्यालय में पदस्थ परिष्ठ अधिकारी ही जान सकते है।

**विक्रमजीत सिंह कंग, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी पन्ना**



# 1200 साप्ताहिक पाठ परायण महायज्ञ का समापन आज





**देश विदेश के हजारों लोगों ने की शिरकत**

**पन्ना।** पन्ना के प्रसिद्ध महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर में बीते 24 दिसंबर से आयोजित 1200 साप्ताहिक पाठ पारायण महायज्ञ का समापन 30 दिसंबर शनिवार सुबह 12 बजे तक संपन्न होगा। भीषण ठंड के बावजूद भी हजारों की संख्या में देश विदेश के हजारों श्रद्धालु सुंदर साथ ने पहुंचकर इस महायज्ञ में शिरकत कर धर्म लाभ लिया। आयोजित धार्मिक महोत्सव में प्रथम दिन हरियाणा भिवानी से परमहंस महाराज संत शिरोमणि सदानंद जी महाराज की उपस्थिति रही। इसके अलावा नौतन पुरी जामनगर से जगतगुरु श्री कृष्ण मणि जी महाराज और महामंगल सूरत से गादीपति सूर्य नारायण जी महाराज, गाजियाबाद से सुदीप महात्मा जी के अलावा कई पुरिया से महाराज श्री ने आकर महायज्ञ आयोजन में भाग।

**पवित्र ग्रंथ कुंजम स्वरूप की 18758 ब्रह्म वाणी का किया गया वाचन**

निजानंद संप्रदाय के प्रमुख ग्रंथ कुंजम स्वरूप साहिब में पूर्णब्रहा अक्षरातीत अनंत श्री विभूषित महामति श्री प्राणनाथ जी के श्रीमुख से आविर्भूत ब्रहा्रवाणी का वाचन विश्व शांति के उद्देश्य को लेकर किया गया। 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित धार्मिक साप्ताहिक पाठ पारायण के आयोजन में प्रतिदिन 3 हजार 500 चौपाइयों का वाचन ब्रह्म मुनियों द्वारा किया गया। जो सुबह 9 बजे से शुरू होगा और देर शाम तक चलता रहा।

## जिले में पुलिस द्वारा चलाया गया बसों का संघन चैकिंग अभियान



**118 बसे हुई चैक,कमी पाये जाने पर 33 बसों पर हुई चालानी कार्यवाही कर 33000 का लगाया जुर्माना**

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति आरती सिंह एंव अनुविभागीय अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशन में थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ज्योति दुबे द्वारा जिला परिवहन टीम के साथ डायमण्ड तिराहा पर बसों का चैकिंग अभियान चलाया गया जिसमें सभी बसों के बीमा, परमिट, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक, परिचालक के लायसेंस, इमरजेंसी गेट आदि चैक किये चौकिंग के दौरान 19 बसों के इमरजेंसी गेट विधिवत नही पाये गये जिन पर कार्यवाही करते हुए 19000 रूपये का जुर्माना लगाया गया, 01 बस में प्रदूषण प्रमाण पत्र न पाये जाने पर 5000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। 118 बसे हुई चैक, कमी पाये जाने पर 33 बसों पर हुई चालानी कार्यवाही कर 33000 का लगाया जुर्माना वाहन चौकिंग के दौरान अनु.वि.अधि.(पु.) पन्ना थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी यातायात सूबेदार ज्योति दुबे,सउनि.मो.सखी हाशमी, प्र.आर. सुरेश कुमार, कमलेश सिंह, रामपाल बागरी एवं आर. पवन तिवारी परिवहन विभाग पन्ना के नन्दी लाल वर्मन, शिवम श्रीवास्तव, श्रीकांत शर्मा, जाफर अली, सराहनीय योगदान रहा।

# पुरानी पेंशन एवं उन मुद्दों को लेकर लोकसभा चुनाव से पहले सड़कों पर आएंगे कर्मचारी

**कलकत्ता में हुआ देश के कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर अधिवेशन**

**पन्ना।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव उमाशंकर तिवारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी संघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा जी के नेतृत्व में देश के कर्मचारियों की मुख्य मांगों को लेकर कल कलकत्ता में अधिवेशन हुआ उसमें मध्य प्रदेश से तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अतुल मिश्रा ने पुरानी पेंशन बहाली,महंगाई भत्ता एवं पेंशनर को मिलने वाले मंहगाई राहत में अंड़गा लगाने वाली धारा 49 (6) को विलोपित करने लिपिको की वेतन विसंगति में सुधार करने आउट सोर्ट कर्मचारियों को स्थाई करने आऊट सोर्स प्रथा समाप्त कर कर्मचारियों को नियमित भर्ती करने पर चर्चा की गई टैक्सी प्रथा समाप्त कर नियमित भर्ती की जाए देश से आए हुए सभी बड़े नेताओं ने इन विषयों पर अपनी बात करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 के पूर्व एक बड़े आंदोलन करने की बात कही गई इन सभी मुद्दे को लेकर म.प्र के कर्मचारी नेताओं का कोलकाता में हुआ जमावड़ा अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी संघ की विशेष बैठक में शामिल होने हेतु कलकत्ता प्रवास पर मध्यप्रदेश से प्रदेश अध्यक्ष अतुल मिश्रा कार्यकारी अध्यक्ष एस.एस.रजक, संरक्षक एल.एन कैलसिया ,प्रान्तीय महामंत्री वीरेन्द्र सिंह बघेल, प्रान्तीय सचिव फुलेन्द्र सिंह,जिला अध्यक्ष जबलपुर सुनील पटैल, जिला सचिव एस.के.प्रधान, कोषाध्यक्ष भागचंद कोरी, उपाध्यक्ष उमाचरण झारिया, मीडिया प्रभारी अनवर खान आदि सम्मलित हुए।

## तेजगति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारने वाले आरोपी को 6 माह का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

**पन्ना।** जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के सहा. मीडिया प्रभारी/सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप मे इस प्रकार है, कि फरियादी अजय सिंह परमार ने थाना में उपस्थित आकर जुबानी रिपोर्ट किया है कि दिनांक 23.10.2018 के रात्रि करीबन 09:30 बजे वह नन्दू उपाध्याय की दुकान में बैठा था कि जनपद कार्यालय गुनौर के सामने अचानक जोरदार आवाज आयी तो वह, कृष्णचन्द, राकेश सोनी सभी लोगों ने जाकर देखा तो मैग्मा फाइनेंस कंपनी गुनौर में फील्ड वर्कर के रूप में काम करने वाले सुभाष उपाध्याय पिता सतेन्द्र उपाध्याय निवासी रीवा हाल निवास, इलाहाबाद बैंक के पास गुनौर रोड के किनारे पडे थे जिनके सिर, माथे में चोट लगी थी। मुंह से खून निकल रहा था। वही उनकी दुपहिया गाडी एम पी 17 एम पी 8512 पडी थी। एक लाल रंग की पैशन प्रो मोटरसाईकिल क्रमांक एम पी 35 एम डी 4322 भी पडी थी जिसमें दो लोग थे तथा दोनों रोड के किनारे पडे थे। फिर दोनों गाडी छोडकर भाग गये थे। घायल सुभाष को वह लोग अस्पताल गुनौर ले गये थे तथा 100 पुलिस को भी सूचना दी थी। मोटरसाइकिल क्रमांक एम पी 35 एम डी 4322 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाडी चलाकर सुभाष को ठोकर मार कर एक्सीडेंट कर मौके से भाग गये थे। फरियादी की रिपोर्ट पर से अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया, साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। आहत का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। आहत को अस्थिभंग होने से धारा-338 भा0द0स0 एवं बीमा पेश न करने पर धारा- 146/196, 5/180 मोटरयान अधिनियम का इजाफा किया गया था। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय श्रीमान प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए रोहित गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराया, न्यायालय के समक्ष आरोपी महेन्द्र पटेल को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम श्रेणी का होने के कारण कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी-महेन्द्र पटेल पिता मगन लाल पटेल उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम जगदीशपुरा थाना पवई, जिला पन्ना को धारा 338 भादसं. में 06 माह का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

पन्ना में हुआ ब्रम्हाकुमारी अवधेश बहन जी का शुभ आगमन

# जीवन को अनमोल बनाये ब्रम्हाकुमारी अवधेश बहन जी





## सकारात्मक परिर्वन द्वारा आंनद मय जीवन ब्रम्हाकुमारी अवधेश बहन जी

**पन्ना।** ब्रम्हाकुमारी भोपाल जोन की निर्देशिका ब्रम्हाकुमारी राजयोगिनी अवधेश बहन जी अपने अल्प प्रवास पर ब्रम्हाकुमारी पन्ना सेवाकेन्द्र पहुचे। आप सभी कितने सोभाग्यशाली है। पवित्र नगरी एवं हीरो की नगरी पन्ना में जन्म लिया अपना जीवन पवित्र एवं अनमोल बनाये यह बिचार थे ब्रम्हाकुमारी अवधेश बहन जी के आपने सभी को जीवन परिर्वन के लिये कुछ मुख्य बातो पर जोर देते हुये कहा की अपना जीवन सिर्फ अपने लिये ही नही बरन हम कुछ समय रोज समाज एवं विश्व कल्याण के लिये अवश्य निकाले हमारा जीवन परोपकार के लिये ही होना चाहिये आगे आपने कहा सुख शान्ति से परिपूर्ण आनंदमय जीवन के लिये हर क्षेत्र में सकारात्मकता को अपनाना जरूरी है। अध्यत्मिकता हमारे दृष्टिकोण को सकारात्मक बनाती है। द्धृढ़ और शुद्ध भाव से सुभ संकल्प करे तो विकट परिस्थियां भी बदल सुगम हो जाती हैं। आपने सभी को आशीर्वचन देते हुये कहा की नये वर्ष में आपका जीवन स्वास्थ्य निर्विघ्न रहे खुशियों से सदा खुशहाल रहै। भोपाल से पधारे ब्रम्हाकुमार दीपू भाई जी ने सभी को मेडिटेशन के लिये प्रेरित किया एवं बताया। हर समस्या का हल है। ध्यान साथ में आये हुये सभी भाई बहनों ने अपने-अपने बिचार व्यक्त किये ब्रम्हाकुमारी सीता बहन जी ने सभी का भव्य एवं हार्दिक स्वागत किया। और कहा कि हम सभी परम स्वभाग्यशाली है। जो अवधेश बहन जी हम सभी के समक्ष्य पहुचे एवं अभार व्यक्त किया।

# मिलेट्स फसलों को बढ़ावा देने युवा कर रहे साइकिल से 4 हजार 2 सौ किमी की यात्रा

**नौगांव।** देश में मिलेट्स की फसलों यानि मक्का, बाजरा ज्वार की फसलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ₹भारत के साइकिल मैन₹ के रूप में प्रसिद्ध नीरज कुमार प्रजापति देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की 4 हजार 2 सौ किमी से अधिक की यात्रा पर निकले हैं। इस दौरान किसानों से सीधा संवाद कर पुरानी एवं परम्परागत फसलों की उपज करने एवं उसके लाभ के बारे में बता रहे हैं।

परंपरागत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइकिल यात्रा पर निकले नीरज कुमार प्रजापति गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे। जहां पर उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए समय एवं स्वास्थ्य को देखते हुए हरित क्रांति से पहले को फसलों को एक बार फिर से अपनाने पर जोर दिया। साइकिल से 4 हजार 2 सौ किमी की यात्रा कर रहे पेशे से इंजिनियर से बने जैविक खेती कार्यकर्ता बने नीरज ने किसानों से कहा कि सन 1966 में हरित क्रांति आई थी, लेकिन हरित क्रांति से पहले हमारे देश में मक्का, ज्वार, बाजरा की फसलें होती थी और इसी को लोग खाते भी थे, आज के समय में तमाम डॉक्टर बीमारियों से बचने एवं पौष्टिक आहार के लिए इन्हीं को खाने को सलाह दे रहे हैं, तो वहीं किसान भाई यदि इन फसलों को लगाते हैं इनकी पैदावार के लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता नहीं पड़ती यह सभी फसलें कम पानी में भी अच्छी उपज देती हैं। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र की प्रमुख वीणा पाणी श्रीवास्तव ने भी किसानों को मिलेट की फसलों को बढावा देने पर जोर दिया।




इससे पहले उधानिकी वैज्ञानिक डॉक्टर कमलेश अहिरवार ने साइकिल मैन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ₹भारत के साइकिल मैन₹ के रूप मे प्रसिद्ध , नीरज कुमार प्रजापति ने पूरे देश में बाजरा को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक मिशन शुरू किया है। अपनी दो महीने की यात्रा के दौरान वह देश भर के किसानों के साथ बातचीत करते हुए 4200 किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर रहे हैं। हरियाणा के सोनीपत जिले के रहने वाले, इंजीनियर से जैविक खेती कार्यकर्ता बने प्रजापति ने कृषि, पर्यावरण और खाद्य सुरक्षा में अपनी निस्वार्थ सेवा के लिए स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की है। हरित प्रदेश एग्रो फाउंडेशन के माध्यम से इस मिशन को क्रियान्वित करते हुए, जिसके वे संस्थापक निदेशक हैं और कृषि मंत्रालय द्वारा समर्थित हैं, प्रजापति का लक्ष्य देश भर में बाजरा किसानों का उत्थान करना है। एचपीएएफ उन्नत कृषि पद्धतियों में किसानों की क्षमता बढ़ाकर, नई प्रौद्योगिकियों को शामिल करके और फसल की पैदावार, जल संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता को बढ़ावा देकर स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करना है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली और जम्मू में मिली लापता नाबलिग लड़कियां

**छतरपुर।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से लापता हो रहे नाबालिग बालक-बालिकाओं को दस्तयाबी के लिए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस लगातार लापता बालक-बालिकाओं को ढूंढने में सफलता हासिल कर रही है। इसी क्रम में ओरछा रोड थाना पुलिस ने पिछले दिनों अलग-अलग स्थानों से लापता हुई दो बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है।
बालिकाओं को बरगलाकर साथ ले जाने वाले दोनों आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने बताया कि ओरछा रोड थाना में नाबालिग बालिकाओं के लापता होने की दो शिकायतें दर्ज कराई गई थीं, जिसके बाद ओरछा रोड थाना की टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक बालिका को दिल्ली से और दूसरी बालिका को जम्मू से दस्तयाब किया है। बालिकाओं को साथ ले जाने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आवश्यक कार्यवाही के उपरांत दोनों बालिकाओं को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। इस कार्यवाही के लिए पुलिस अधीक्षक ने ओरछा रोड थाना पुलिस की टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

### हाथी के हमले से घायल विधवा का जिला चिकित्सालय में उपचार जारी

**अनूपपुर।** जिले में 14 दिनों से निरंतर विचरण कर रहा एक नर हाथी द्वारा जो गुरुवार की शाम वन परिक्षेत्र जैतरी के गोवरी बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 302 ठेंगरहा के जंगल से शाम-रात को विचरण करते हुए शुक्रवार की सुबह 3:30 बजे छुलहा स्टेशन के पास सेन्दुरी गांव के निवासी 36 वर्षीय फूलबाई पति स्व,कामता प्रसाद राठौर पर अचानक तिपान नदी के किनारे स्थित खेत में बने घर में अपनी पुत्री रोषनी के साथ सो रही थी तभी अचानक तिपान नदी के ओर से आए हाथी की आहट पाकर मां एवं पुत्री घर से भागने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान फूलबाई को पकड कर जमीन में पटक दिया जिससे फूलबाई के चेहरा, पैर एवं पीठ में चोट आई वन विभाग के रात्रि गश्ती दल के राजबली साकेत, पंकज सिंह, राकेश रौतेल, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल ग्राम पंचायत सेंदुरी के उप सरपंच मोहन राठौर, ग्राम पंचायत छुल्हा के सरपंच प्रतिनिधि पप्पू रौतेल मौके पर पहुंचकर हाथी के हमले से घायल महिला को गश्ती दल वाहन से जिला चिकित्सालय अनूपपुर ले जाकर ड्यूटी डॉक्टर विपिन कुमार से परीक्षण कराया तथा उपचार हेतु भर्ती कर उपचार प्रारंभ किया गयाविधवा फूलबाई की पति की की वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो गई रही।

### कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ मे जोरों पर मनमानी

**राजेन्द्रग्राम।** बच्चों को स्कूल भेजे जाने का उद्देश्य शिक्षा ग्रहण कर एक अच्छा नागरिक बनना तो है ही साथ ही शिक्षा विवेकोपार्जन में भी प्रमुख भूमिका निभाती है, लेकिन मौजूदा समय में कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ प्राचार्य की मनमानी से यहां शिक्षार्जन तो दूर की बात शोषण जरूर हो रहा है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र पुष्पराजगढ़ मे 500 सीटर कन्या शिक्षा परिसर मे छात्राओ के लिए सरकार विभिन्न योजनाओं अंतर्गत लाखों करोड़ों रुपये प्रति वर्ष खाना कपड़ा और अच्छी शिक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए विभिन्न शिक्षको की नियुक्ति किया गया है ताकि अच्छी शिक्षा प्राप्त किया जा सके। मध्यप्रदेश सरकार के मंशानुरूप 3 माह पूर्व कन्या शिक्षा परिसर में कम्प्यूटर शिक्षक व आपरेटर की भर्ती प्रक्रिया किया जाना था जिसका विज्ञापन जारी किया गया। विज्ञापन के परिपेक्ष्य में आवेदन प्राप्त हुआ किन्तु 3 माह गुजर गया आज तक कम्प्यूटर शिक्षक की भर्ती नही हो पाई जिससे पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है वही प्राचार्य अपनी तानाशाही रवैये से बाज नही आ रही है। इतना ही नही कई ऐसे कार्य है जिन्हें हिटलरशाही की तरह अंजाम दे रही है।

## कलेक्टर के निर्देश पर 46 बसों की हुई सघन चैकिंग, बिना फिटनेश के चल रहीं 3 बसें जब्त



**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने जिले में चल रही बसों सहित अन्य वाहनों के परमिट, फिटनेश, ओवरलोडिंग सहित सुरक्षात्मक साधन उपलब्ध होने की आरटीओ को जांच करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अवैध रूप से बसों सहित अन्य वाहनों में सामान ट्रांसपोर्ट करने पर भी आरटीओ को सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। निर्देशों के पालन में शुक्रवार को आरटीओ की टीम द्वारा छतरपुर शहर के पन्ना एवं सागर रोड पर 46 बसों की सघन चैकिंग की गइ। जिसमें 3 बसों का संचालन बिना फिटनेश के पाया गया। जिससे तीनों बसों को जब्त करने कार्यवाही कर आरटीओं ऑफिस में रखा गया है। इस दौरान बस संचालकों से अपील की गई बिना पूर्ण दस्तावेज और सुरक्षा के निर्धारित मापदण्डों एवं नियमों के अनुरूप ही बसों का संचालन करें। कलेक्टर श्री जी.आर. ने बसों की लगातार चैकिंग करने कर अननियमितताएं पाए जाने पर कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

## बच्चों ने आंख पर पट्टी बांधकर पढ़ दी किताब

### वैदिक शक्ति संस्थान ने आयोजित किया अनूठा कार्यक्रम

**छतरपुर।** बीते रोज नगर के एक निजी रिसॉर्ट में वैदिक शक्ति संस्थान द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने आँखों पर पट्टी बांधकर किताबें पढ़ी। वहीं कुछ अन्य सहभागियों ने अतिथियों की नब्ज टटोलकर शरीर की बीमारियां बताईं। यह अनूठा नजारा देखकर कार्यक्रम में उपस्थित हर व्यक्ति चकित रह गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता रहे। इसके अलावा मिस्टर दत्ता, खजुराहो के गाईड श्री दीक्षित, विनोद कुमार सेन के अलावा संस्थान के संस्थापक सर शिवा एवं डॉ. जूही जादौन इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा किए गए चौंकाने वाले क्रियाकलापों के संबंध में संस्थापक शिवा सर ने बताया कि यह विधा बच्चों को शिव आगम के अद्वैतवाद के गूढ़ रहस्यों व सिद्धांतों के आधार पर सिखाई गई है। वहीं डॉ. जूही जादौन (विजनरी, वैदिक शक्ति) ने बताया कि इन सभी पद्धतियों से मानव के मस्तिष्क में अद्भुत क्षमताएं सरलता से जागृत की जा सकती हैं। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के अलावा बंगाल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली और राजस्थान के लोगों ने सहभागिता की। नगरवासियों ने संस्थान के प्रयास और उनके द्वारा सिखाई जा रही विद्या की सराहना की। स्थानीय बच्चों ने भी यह विधा सीखने की इच्छा संस्थान संचालक के सामने रखी, जिस पर उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया है।



## काल के गाल में समाए आंखों का इलाज कराकर घर लौट रहे पिता-पुत्र

### कानपुर-सागर हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर



**छतरपुर।** कानपुर-सागर हाईवे पर शुक्रवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई जिसमें तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने के बाद बाईक से जा रहे पिता-पुत्र काल के गाल में समा गए। दुर्घटना के बाद बड़ामलहरा पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा कार्यवाही के बाद पिता-पुत्र के शवों को बड़ामलहरा अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस दुःखद घटना के बाद मृतकों के गांव में मातम का महौल है।
प्राप्त जानकारी के मुताबिक बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरमा का रहने वाला 22 वर्षीय देवेन्द्र चढ़ार अपने 45 वर्षीय पिता धनीराम पुत्र नथुआ चढ़ार को लेकर पास के गांव मैलवार में आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में गया हुआ था। शिविर में जांच कराने के बाद जब देवेन्द्र पिता को लेकर वापिस अपने गांव जा रहा था तभी कानपुर-सागर हाईवे पर बमनी तिराहा के समीप बड़ामलहरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने देवेन्द्र की बाईक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक चालक देवेन्द्र और पीछे बैठे उसके पिता धनीराम सड़क पर कई फिट तक घिसटते हुए चले गए। दुर्घटना में देवेन्द्र और उसके पिता धनीराम की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।

## पीट-पीटकर हत्या करने वाले आरोपियों के मकानों पर चला बुल्डोजर

**छतरपुर।** पिछले एक माह में हुई हत्या और मारपीट की दर्जनों घटनाओं के बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा अमले को सख्त कार्यवाही के निर्देश गए हैं जिसके बाद जिले भर की पुलिस एक्टिव हो गई। पुलिस लगातार हत्या, लूट और चोरी की घटनाओं के आरोपियों को पकड़कर उन पर सख्त कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को बिजावर पुलिस ने हत्यारोपी को घर को धराशायी करने की कार्यवाही की है। इस दौरान पुलिस बल के अलावा प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा।
उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले बिजावर के अलीगंज मोहल्ला निवासी शहीद खान उर्फ कल्लू तथा चुन्नू खान ने मिलकर एक बिजावर के ही रहने वाले रशीद खान के साथ जमकर मारपीट की थी जिसके बाद इलाज के दौरान घायल रशीद खान की मौत हो गई। पुलिस घटना के अगले दिन ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों अपराधियों के विरुद्ध हत्या, अवैध हथियार, हत्या का प्रयास एवं लूट, मारपीट एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जैसे अनेक अपराध थानों में पंजीबद्ध हैं। शुक्रवार को बिजावर एसडीओपी शशांक जैन तथा एसडीएम विजय द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अपराधियों के अवैध रूप से निर्मित मकान को पुलिस एवं नगर पंचायत परिषद की टीम द्वारा वैधानिक रूप से धराशायी कराया गया। बताया गया है कि आरोपियों के जिस मकान को धराशायी कराया गया है वह अवैध रूप से बनाया गया था। कार्यवाही करने पहुंची टीम ने बताया कि यह कार्यवाही अन्य मामलों के आरोपियों के विरुद्ध भी की जाएगी। कार्यवाही के दौरान अनुविभागीय प्रशासनिक एवं पुलिस राजपत्रित अधिकारी, नगर पंचायत परिषद बिजावर, प्रशासनिक एवं पुलिस टीम उपस्थित रही।



### इनका कहना है -

बिजावर में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अपराधी कल्लू खान और चुन्नू खान के घरों को ध्वस्त किया गया है। बिजार नगर परिषद से जानकारी लेने के बाद ज्ञात हुआ था कि दोनों अपराधियों के घर बगैर अनुमति के बनाए गए हैं, जिसके बाद संरचनाओं को धराशायी कराया गया है।

**अमित सांघी**
**पुलिस अधीक्षक, छतरपुर**

## मंडी में चल रहे गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य पर एसडीएम शख्त

### निर्माण सामग्री में डस्ट मिलाने, अनियमितताएं मिलने पर ठेकेदार एवं विभाग को नोटिस जारी

**नौगांव।** कृषि उपज मंडी में गुणवत्ताहीन मैटेरियल से चल रहे निर्माण कार्य पर अब एसडीएम विशा माधवानी ने सख्ती दिखाते हुए एक्शन लिया है। हरिभूमि में समाचार प्रकाशित होने के बाद एसडीएम माधवानी ने शुक्रवार की देर शाम मंडी प्रांगण पहुंचकर कार्यवाई की है। निरीक्षण के दौरान घटिया मैटेरियल प्रयोग करने एवं डस्ट का उपयोग करने के मामले को एसडीएम ने अनियमितता मानते हुए ठेकेदार को एवं संबंधित विभाग को नोटिस जारी करने की बात कही तो वहीं पीडब्लूडी के अधिकारियों से गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। कृषि मंडी में चल रहे कवर्ड शेड और चारों ओर सीसी सड़क निर्माण के कार्य में मानकों को लेकर सवाल उठ रहे थे। आरोप थे कि हरिओम कंस्ट्रक्शन कंपनी जतारा के ठेकेदार गोविंद गुप्ता द्वारा घटिया स्तर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसकी जानकारी एसडीएम विशा माधबानी को लगी तो वह मौके पर पहुंची। जहां मौके पर न तो ठेकेदार ना ही कोई सुपरवाइजर पाया गया। निर्माण कार्य में मिली अनिमियताओ को देख एसडीएम ने मंडी बोर्ड के सब इंजीनियर एम बी पाठक को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान सब इंजीनियर ने ठेकेदार द्वारा की जाने वाली मनमानी के बारे में बताया कि ठेकेदार द्वारा अनुपातिक रेत की जगह डस्ट का अधिक प्रयोग किया जा रहा है। कोर कटिंग नहीं की जा रही है। एम30 का प्रयोग न कर एम20 का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे थिगनिस नहीं आ रही है। अनुबंध में डस्ट न होने के बावजूद भी प्रयोग की जा रही है। सीमेंट का भी कम मात्रा में उपयोग किया जा रहा है। मुरम का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। जिस पर साथ ही एसडीएम विशा माधवानी को भी मौके पर अनियमितता मिली जिस पर एसडीएम माधवानी ने ठेकेदार के विरुद्ध नोटिस जाति करते हुए संबंधित विभाग को भी नोटिस जारी कर करवाई करने की बात कही है। साथ ही गुणवत्ताहीन मैटेरियल के संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग से जांच कराने के निर्देश दिए हैं।



## लुगासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर ने अस्पताल में दी स्वास्थ्य सेवाएं



**बीते दिनों ग्रामीणों ने ड्यूटी न करने पर डॉक्टरों के खिलाफ सौंपा था ज्ञापन**

**नौगांव।** नौगांव ब्लॉक के ग्राम लुगासी में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर गौरव त्रिपाठी ने शुक्रवार की सुबह अस्पताल पहुंचकर ग्रामीणों का इलाज किया। इससे पहले अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर के द्वारा ड्यूटी न करने को लेकर जनपद सदस्य के नेतृत्व में जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा था। इस पूरे मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिस पर हरिभूमि की खबर एवं जनपद सदस्य के ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए बीते दिनों सीबीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल ने स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर गौरव त्रिपाठी को समय से ड्यूटी करने एवं स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।
बिगत 20 दिसंबर को समाचार पत्र में लुगासी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी नहीं करने पर लोगों ने डॉक्टरों के खिलाफ दिया आवेदन₹ नामक समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार में लुगासी के स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के द्वारा ड्यूटी न करने एवं लोगों को हो रही समस्याओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। जिसमें नौगांव जनपद क्षेत्र के लुगासी वार्ड से जनपद सदस्य किरण धनेश तिवारी के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के साथ मंगलवार जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचकर लुगासी में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर को समस्या सहित स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने को लेकर शिकायती आवेदन सौंपा था। जनपद सदस्य प्रतिनिधि धनेश तिवारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्रेसर, लैब टेक्नीशियन, महिला सुपर वाइजर, पुरूष सुपर वाइजर, स्वीपर सहित अन्य पद रिक्त हैं। एवं गौरव त्रिपाठी सहित अन्य जो डॉक्टर की पदस्थापना स्वास्थ्य केंद्र में है इन्हें बीएमओ के द्वारा लुगासी स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी न कराकर सिविल अस्पताल नौगांव में डयूटी करवाई जाती है। जिसके चलते ग्राम पंचायत लुगासी सहित आसपास के एक दर्जन से अधिक ग्रामों के रहवासियों को छोटी मोटी बीमारियो के इलाज के लिए सिविल अस्पताल नौगांव अथवा जिला चिकित्सालय छतरपुर जाना पड़ता है।
जनपद सदस्य प्रतिनिधि तिवारी ने आवेदन देते हुए लुगासी में पदस्थ डाक्टरों को नौगांव अस्पताल से मुक्त करवाकर लुगासी स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी करने एवं अन्य स्टाफ की नियुक्ति करने की मांग की थी, जिस पर जिला कलेक्टर संदीप जीआर ने मामले को प्रमुखता से संज्ञान में लेते हुए सीएमएचओ को निर्देशित किया था, जिसके बाद सीएमएचओ लखन तिवारी के निर्देश पर पर खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 26 दिसंबर 2023 को आदेश जारी करते हुए स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर गौरव त्रिपाठी के समय से ड्यूटी करने एवं स्वास्थ्य केंद्र की सेवाएं दुरुस्त करने के साथ ग्रामीणों को शासन की स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं दिलाने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### रहवासी क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गैस गोदाम/दुकान संचालित नही होगी



**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रान्तर्गत गैस गोदाम/दुकान जो रहवासी क्षेत्र में संचालित हो रहे है वह बन्द होगें तथा इस प्रकार की सभी दुकानों में फायर सेफ्टी उपकरण लगाया जाना अनिवार्य होगा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शहर के रहवासी क्षेत्र में संचालित गैस दुकानों को समझाइस देते हुये नोटिस जारी की गई है कि वे रहवासी क्षेत्र में इस प्रकार की दुकानों का संचालन नही करेंगे तथा रहवासी क्षेत्र के बाहर ही दुकानों का संचालन किया जावेगा एवं अनिवार्य रूप से दुकानों में फायर सेफ्टी उपकरण लगाया जायेगा।

### सीएम राइज विद्यालय मऊगंज में अव्यवस्थाओं का आलम





**मऊगंज।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के द्वारा सीएम राइज स्कूल के नाम से महत्वाकांक्षी योजना ब्लॉक स्तर में खोली गई थी और इन स्कूलों में योग्य शिक्षकों को रखकर पढ़ाई की जानी थी एवं छात्रों को पुस्तके निशुल्क उपलब्ध कराने, प्रैक्टिकल की व्यवस्था एवं छात्रों को आने-जाने की व्यवस्था की जानी थी ।लेकिन सीएम राइज स्कूल मऊगंज में विद्यालय के संचालन की कोई समय सारणी नहीं है, ना ही स्टाफ की कोई सूची लगी है कि स्टाफ कितने लोगों का है, कौन से अध्यापक कौन सा विषय पढ़ाएंगे जिससे विद्यालय के छात्र इधर-उधर घूमते दिख जाते हैं। कुछ छात्र बाउंड्रीवाल कूदकर भागते दिखते हैं। प्राचार्य की निष्क्रियता के चलते विद्यालय की अव्यवस्था के रूप में बदल गया है, सिर्फ विद्यालय के बजट का बंदरबांट किया जा रहा है, पढ़ाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कई अभिभावक प्राइवेट स्कूलों से अपने बच्चों का नाम कटाकर सीएम राइज स्कूल में प्रवेश दिलाया दिला दिए थे, लेकिन अब यहां की व्यवस्था देखकर नाम कटवाना चाह रहे हैं। विद्यालय की अव्यवस्था के चलते छात्रों का भविष्य अंधकार में दिखाई दे रहा है। छात्रों को अभी तक सभी विषयों की पुस्तक नहीं प्राप्त हुई है जिससे छात्र पुस्तके बाजार से खरीदने के लिए मजबूर हैं, अभी हाल ही में कलेक्टर द्वारा स्कूलों के पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया गया है ,जिससे परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहे लेकिन अव्यवस्था के आलम में छात्रों का भविष्य अंधकारमय दिखाई दे रहा है। अभिभावकों के द्वारा कलेक्टर और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विद्यालय की जांच करवाने की मांग की गई है जिस स्कूल के रिजल्ट में सुधार दिखाई दे।

### अष्टभुजा धाम में संगीतमय भागवत कथा 5 जनवरी से

**मऊगंज।** विंध्य प्रदेश के प्रसिद्ध देवालय जगत जननी मां अष्टभुजा धाम नईगढ़ी में 5 जनवरी से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का भव्य शुभारंभ हो रहा है। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 5 जनवरी शुक्रवार को कलश यात्रा एवं कथा का शुभारंभ होगा। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य व्यास पंडित तारक रामदास महाराज अयोध्या के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक भक्ति रस की बयार बहेगी। जगत जननी माता अष्टभुजी के भक्तों एवं क्षेत्र के समस्त श्रीमद् भागवत कथा भक्त जनों के आयोजकत्व में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 5 जनवरी से प्रारंभ होकर 11 जनवरी को समापन होगा। वही 12 जनवरी को हवन पूर्णाहुति उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।आयोजन समिति के सभी भक्त गणों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से कथा शुभारंभ कलश यात्रा के साथ प्रतिदिन निर्धारित समय पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा रूपी अमृतमय गंगा में डुबकी लगाने की अपील की है।

---

#### गली-गली हो रही पैकारी

# एक ठेकेदार को लाभ दिलाने जिला आबकारी अधिकारी ने बना दिया सिंडीकेट

**रीवा।** जिन शराब ठेकेदारों से घर और अधिकारियों की बेगारी करने के साथ ही हर माह मोटा लिफाफा जिला आबकारी अधिकारी लेता है उन्हीं ठेकेदारों की पीठ पर जिला आबकारी अधिकारी छुरा घोंप रहा है। यह बात जिले के शराब ठेकेदारों के बीच सुर्खियों में है। ठेकेदार जिला आबकारी अधिकारी से इस कदर रूष्ट हैं कि वर्ष 2024-25 में अपने-अपने दुकानों का लाईसेंस रिन्युवल कराने को तैयार नहीं है। ठेकेदार तो यहां तक कहते नजर आते हैं कि इस अधिकारी ने तो जोंक की तरह हम लोगों का खून चूस लिया। बताते चले कि वर्ष 2023 में जिले की शराब दुकानों ठेका लगभग 334 करोड़ का हुआ था, जिसमें की मंहगी होने की वजह से अधिकांश दुकानें टेंडर प्रक्रिया से उठी। मजे की बात तो यह है कि इस बीच ऐसे जिला आबकारी अधिकारी पाकर कुछ शराब ठेकेदार फर्जी बैंक गारंटी लगाकर दुकानें हासिल कर ली। जिला आबकारी अधिकारी अपनी मलाई जमाने के लिए शराब ठेकेदारों को एमआरपी से ऊपर की दरों पर शराब बेचने की छूट दे दी। जिले में हालात यह हो गये कि शहर से लेकर गांव तक के सुरा प्रेमियों की जेबों पर सीधी तरीके से डकैती पडऩे लगी। इस बात की भनक कलेक्टर को लगी तो कुछ दुकानों के लाईसेंस भी एक दिन के लिए निलंबित किये। लेकिन शराब ठेकेदारों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा और पड़े भी कैसे उनके सिर पर तो भ्रष्टाचार के महादेव बाबा का हाथ रखा था। हाल ही में शराब कारोबारियों के बीच से एक नई खबर निकल कर सामने आ गई। सूत्र की माने तो लगभग एक पखवाड़े पूर्व जिला आबकारी अधिकारी ने शहर के शराब ठेकेदारों की एक



बैठक बुलाई जिसमें यह तय किया गया कि सभी लोग सिंडीकेट बना कर काम करे और एमआरपी-एमएसपी के बीच अपनी दुकानों से शराब बेंचे। शराब ठेकेदारों ने सहमति भर ली, उनको यह नहीं मालूम था कि जिला आबकारी अधिकारी ने ऐसे शराब ठेकेदार के इशारे पर सिंडीकेट बनाया जो लिफाफे का वजन बढ़ाने का वादा किया है। शहर में हालात यह हो गये कि कटनी से याराना निभा रहे ठेकेदार की शराब शहर के गली-गली में बिकने लगी और शहर के अन्य ठेकेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे है। ठेकेदारों ने बताया कि आये दिन जिला आबकारी अधिकारी ठेकेदारों की बैठक लेते है और कुछ न कुछ बेगारी उनके सिर पर ढाल देते है। बाक्स फर्जी बैंक गारंटी के मामले में पड़ गया पर्दा भ्रष्टाचार की आंधी में अच्छे-अच्छे ईमानदारों के भी पांव उखड़ जाते है, ऐसा आबकारी विभाग में देखने को आसानी से मिल सकता है। बताते है कि जिले से मुख्यालय और राजधानी तक सभी एक डोर में बंधे होते है। यदि गाज भी गिरानी होती है तो अदने से कर्मचारी पर ढीकरा फोडते हुए मामले को पटाक्षेप कर दिया जाता है। जिले की कई दुकानों में जिला सहकारी बैंक की फर्जी बीजी लगाकर शराब कारोबारी लाईसेंसधारी बन गये थे। मामले का जब खुलासा हुआ तो बैंक गारंटी बनाने वाला सहकारी बैंक मोरवा का मैनेजर निलंबित हो गया। लेकिन जिला आबकारी अधिकारी एंव उनके चहेते उप निरीक्षक पर विभाग ने आंच तक नहीं पडऩे दी। बताया जाता है कि विभाग ने सारे गुनाह माफ कर दोषी आबकारी अधिकारियों की लापरवाही पर पर्दा बिछा दिया। जबकि एक आर.टी.आई.कार्यकर्ता आये दिन फर्जी बैंक गारंटी के मुद्दे को लेकर मीडिया के सुर्खियो में बने रहते थे।

### क्या कहते है अधिकारी...

अभी मैं छुट्टी पर हूं और एक कार्यक्रम में शामिल हूं। आप आफीस से जानकारी लीजिये।

**ओपी श्रीवास्तव, आबकारी आयुक्त ग्वालियर**

---

## रतहरा तालाब तथा फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें - उप मुख्यमंत्री



### उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**रीवा।** राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम क्षेत्र के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा शहर का तेजी से विकास हो रहा है। यहाँ चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा कराएं। रतहरा तालाब का जनवरी के प्रथम सप्ताह में लोकार्पण किया जाएगा। उसके शेष बचे हुए कार्य एक सप्ताह में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड पूरा करा दें। सिरमौर चौराहे में बनाए जा रहे फ्लाई ओवर का कार्य भी दो माह में पूरा करा दें। इसकी रूकी हुई लगभग तीन करोड़ रुपए की राशि का हाल ही में भुगतान कराया गया है। नीम चौराहे में पुलिया तथा सड़क का निर्माण 10 दिवस में पूरा करा दें। जिससे वहाँ का आवागमन सुगम हो सके। पेवर लगाने का कार्य भी साथ ही कराते जाएं। पद्मधर कालोनी के पीछे बीहर नदी पर नया पुल का निर्माण शीघ्र ही शुरू होगा। इससे ढेकहा तिराहे पर ट्रैफिक का दबाव घटेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवर फ्रंट का निर्माण कार्य तेजी से करें। बाबा घाट में 200 केएल तथा कोतवाली घाट में 400 केएल के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण तत्काल शुरू कराएं। नदी में किसी भी स्थिति में गंदा पानी नहीं मिलना चाहिए। बाबा घाट से पचमठा तक पेवर ब्लाक लगाने एवं सीसी रोड बनाने का कार्य तत्काल शुरू कराएं। इसके साथ-साथ उपयुक्त स्थानों में वृक्षारोपण भी शुरू कर दें। रिवरफ्रंट के किनारे अलग-अलग प्रजातियों के पौधे रोपित कराएं जिनसे हरियाली और सुंदरता में वृद्धि हो। रतहरा तालाब को नहर से जोड़ने, लैण्डस्केपिंग, वृक्षारोपण तथा फूड जोन का कार्य शीघ्र पूरा कराएं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल लाइन में पार्क के चारों ओर सीवर लाइन का कार्य पूरा होने के साथ ही सड़क का निर्माण कार्य तेजी से कराएं। पूरे सीवर लाइन में जल भराव की समस्या है। इसे दूर करने के लिए सिविल लाइन पार्क से सैनिक स्कूल के गेट के पास तक तथा राजनिवास रोड से सिविल लाइन रोड तक नाली निर्माण कराएं। पानी की उचित निकासी के बिना पूरे सीवर लाइन में साफ-सफाई नहीं रहेगी। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने बताया कि सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर मार्ग पर सीवर लाइन का कार्य पूरा हो गया है। यहाँ शीघ्र ही सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा। बैठक में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, अधीक्षण यंत्री नगर निगम शैलेन्द्र शुक्ला, अन्य तकनीकी अधिकारी निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### नियम विरुद्ध संचालित 6 बसे की गई जप्त और 41 बसों के कटे चालान



**रीवा !** कलेक्टर महोदय रीवा एवं मऊगंज के आदेशानुसार रीवा परिवहन विभाग द्वारा आरटीओ रीवा के साथ मिलकर परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा एवं परिवहन चेक पोस्ट हनुमना एवं परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट द्वारा एक साथ यात्री बसों के विरुद्ध जांच अभियान चलाकर रिकार्डतोड़ कार्रवाही करते हुए 168 बसों को चेक किया गया जिनमें 6 बसे फिटनेश शर्तो के अनुरूप चलती नहीं पाई गईं , जिन्हें जप्त किया गया, इसके अलावा 41 बसों के विरुद्ध परमिट शर्तों का उल्लंघन करते पाए जाने पर मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई।आज की यह कार्यवाही मऊगंज हनुमना रीवा सतना मार्ग के साथ ही रीवा प्रयागराज मार्ग पर की गई। जांच के दौरान बसों में परमिट,फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस,अग्निशमन यंत्र,स्पीड गवर्नर आपातकालीन द्वार के साथ ही विशेष रूप कोहरे के चलते बसों के लाइट इंडिकेटर बैक लाइट की विशेष रूप से जांच की गई । ठंड के चलते सड़क मार्ग पर दुर्घटना होने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ जाती है जिसके कारण आज जिला परिवहन अधिकारी रीवा द्वारा अपने मातहत स्टाफ के साथ मिलकर यात्री बसों की जांच की गई और नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके चालान बनाए गए, साथ ही सभी को यह समझाइए भी दी गई की मार्ग पर अत्यधिक कोहरा होने के कारण बसों को विशेष रूप से नियंत्रण में ही चलाएं मार्ग पर चलते समय लाइट इंडीगेटर का विशेष रूप से सही इस्तेमाल करें जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। आज की कार्यवाही में आरटीओ रीवा के साथ प्रभारी परिवहन सुरक्षा स्क्वाड, प्रभारी परिवहन चेक पोस्ट हनुमना और परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट का स्टाफ शामिल रहा। आज की इस चालानी कार्रवाही से 96000 रुपए का राजस्व अर्जित किया गया।

---

## महिला बाल विकास विभाग सिरमौर 2 में व्यापक भष्टाचार, लोग परेशान

### प्रभारी परियोजना अधिकारी से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हो रहीं प्रताड़ित, शिकायतों का लगा अम्बार

**रीवा।** सेमरिया,महिला एवं बाल विकास विभाग सिरमौर क्रमांक.2 सेक्टर सेमरिया का परियोजना कार्यालय भृष्टाचार की गिरफ्त में है स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि लगभग 3 महीने से प्रभारी परियोजना अधिकारी कार्यालय में नही देखी गई हैं और सेमरिया सेक्टर के 90% गांव के आंगनवाड़ी केंद्र नही खुल रहे हैं और ना ही पोषण आहार का वितरण बच्चों को किया जा रहा है इसमें प्रभारी परियोजना अधिकारी की लापरवाही का नतीजा बताया जा रहा है सूत्रों की माने तो आगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से आगनवाड़ी केंद्रों से वशूली की जाती है जो आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहमत नहीं होती हैं उनको मानसिक रूप से प्रताड़ति भी किया जाता है। सुपरवाइजर रहते हुए इनके द्वारा आगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को प्रताड़ित किया गया था जिसकी आगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा थाना में रिपोर्ट भी की गई थी सूत्रो की माने तो ग्राम दुवारी में आगनवाड़ी कार्यकर्ता की जगह रिक्त होने पर नियुक्ति हेतु कई आवेदन




किए गए थे जिसमे बेवा आरती कोल के सबसे ज्यादा नंबर होने के बावजूद भी नियुक्ति नही दी जा रही है प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा यह बताया जाता है कि नियुक्ति में आपत्ति लगी हुई है जबकि आपत्ति की सुनवाई वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हो चुकी है और आपत्ति निराधार पाई गई है आरती कोल ने प्रभारी परियोजना अधिकारी पर लेनदेन का आरोप लगाया है उनकी नियुक्ति न होने पर 181 के पंजीयन क्रमांक 25462912 में शिकायत भी दर्ज कराई गई है जिसकी जांच चल रही है आरती कोल ने हक की लड़ाई हेतु सभी न्यायिक दरवाजे खटखटाने की बात कही है वही सेमरिया सामाजिक और आरटीआई कार्यकर्ता विवेक गौतम ने बताया की प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा विगत 6 महीनों से किसी आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण आहार का परिवहन नही किया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने निजी परवहन से पोषण आहार ले जाती हैं जबकी प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा फर्जी विल लगा कर पैसा निकाल लिया जाता है जिसकी जानकारी rti के माध्यम से निकाली गई है विवेक गौतम ने आरोप लगाया है कि प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा पोषण आहार के परिवहन के नाम पर माह जून, जुलाई, अगस्त में किसी व्यक्ति के नाम से बिल लगाया है जबकी परिवहन किया ही नही गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने निजी परिवहन से पोषणअपने केंद्र ले जाती है जिसकी फोटो और वीडियो भी उपलब्ध है श्री गौतम ने बताया कि इसकी शिकायत उच्च लेवल पर की जाएगी और यह मामला हाई कोर्ट में ही जाकर रुकेगा साथ ही स्थानीय लोगो ने स्थाई परियोजना अधिकारी के स्थापना की मांग की है

---

## प्रधानमंत्री जी मंशा के अनुसार हर पात्र तक योजनाओं का लाभ देगी संकल्प यात्रा : उप मुख्यमंत्री



### उप मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में किया आमजनों से संवाद





**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम कोठी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित शिविर में आमजनों से संवाद किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हर क्षण गरीबों के कल्याण की चिंता करते हैं। शासन की योजनाओं की जानकारी देने और लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। हजारों हितग्राही अब तक इससे लाभान्वित किए गए हैं।

संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ देगी। आमजनता की मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी के पास जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करे। इस गांव में किसान सम्मान निधि का ठीक से क्रियान्वयन किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ पाने के लिए बड़ी संख्या में पात्र हितग्राही वंचित हैं। संबंधित अधिकारी हर पात्र हितग्राही का आवेदन पत्र शिविर में ही तैयार कराकर सात दिवस में योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उप मुख्यमंत्री ने समारोह में कन्या पूजन कर बेटियों का सम्मान किया। उन्होंने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई भी की।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन जाने से बड़े से बड़े रोग का उपचार हो रहा है। प्रधानमंत्री जी ने विन्ध्य को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उपहार देने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड से गरीब को पाँच लाख रुपए के निःशुल्क उपचार की सुविधा दी है। आयुष्मान कार्ड से सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में लगभग दो हजार रोगियों की एंजियोप्लास्टी की जा चुकी है। अगर आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो गरीब को इसका लाभ नहीं मिलता। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना नाममात्र के प्रीमियम पर आकस्मिक मौत होने पर आश्रितों को चार लाख रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। एक साल में केवल 456 रुपए का प्रीमियम देकर दोनों बीमा योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। जिनके बैंक में खाते हैं वे इन बीमा योजनाओं के फार्म अवश्य भरें। संकल्प शिविर में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खौर कोठी क्षेत्र में बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश की समस्या है। यहाँ से दो सौ गौवंश बसामन मामा गौ अभ्यारण्य भेजे जाएंगे। गौ माता धार्मिक ही नहीं आर्थिक दृष्टि से भी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। इसका गोबर और गोमूत्र खाद और कीटनाशक बनाने में काम आता है। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में 10 हजार गौवंश की व्यवस्था की गई है। यह अभ्यारण्य पूरे प्रदेश के लिए माडल बनेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशीलता से जनहित के कार्य करने पर ही सुशासन आएगा। गरीबों के कल्याण और विन्ध्य के विकास के लिए मैं लगातार प्रयास करता रहूंगा। आप सबने भरपूर आशीर्वाद देकर मुझे जो शक्ति दी है वह गरीबों के कल्याण और क्षेत्र के विकास में ही उपयोग होगी। समारोह में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक जिले के 182 ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा चुकी है। इनमें एक लाख 16 हजार से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी निभाई है। यात्रा के दौरान लगाए गए शिविरों में शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। हजारों हितग्राहियों ने शासन से मिली योजनाओं की खुशी इन शिविरों में जाहिर की। शिविर के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इनमें अब तक तीन हजार सात सौ से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया जा चुका है। शिविर में आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित हितग्राही विजय द्विवेदी डभौरा, किसान सम्मान निधि से लाभान्वित राजेन्द्र मिश्रा सेमरिया, उज्ज्वला योजना से लाभान्वित श्यामवती पटेल, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित कमलेश तिवारी तथा पोषण आहार एवं मातृ वंदना योजना से लाभान्वित श्रीमती राधा चौधरी ने अपने अनुभव सुनाए तथा शासन की योजनाओं की प्रसंशा की। शिविर में उप मुख्यमंत्री ने मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उप मुख्यमंत्री ने शासन की योजनाओं की जानकारी दे रहे प्रचार रथ तथा ड्रोन से यूरिया के छिड़काव का अवलोकन किया। इस अवसर पर समारोह में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि श्री राजेश पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष रीवा, सरपंच कोठी श्रीमती रेखा तिवारी, जिला एवं खण्डस्तर के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।